IJARSCT
ISSN (Online) 2581-9429
International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)
International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal
Impact Factor: 7.53
Volume 4, Issue 2, December 2024

# हनुमानगढ़ जिले के ग्रामीण परिवार के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर कोविड-19 से पहले और बाद में एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

लक्ष्मी बाला
शोद्यार्थी
टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राजस्थान)

**सारांश**

इस शोध पत्र में हनुमानगढ़ जिले के 50 व्यक्तियों के कोविड-19 के पहले और बाद की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन का उद्देश्य यह समझना था कि महामारी ने लोगों की आर्थिक आय, सामाजिक संबंध, शिक्षा, और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डाला। पायलट अध्ययन और संरचित प्रश्नावली के आधार पर डेटा एकत्रित किया गया। अध्ययन में पाया गया कि महामारी के बाद सरकारी योजनाओं, डिजिटल शिक्षा और स्वरोजगार के कारण स्थिति में सुधार हुआ। हनुमानगढ़ जिला राजस्थान का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, शिक्षा, और ग्रामीण जीवन शैली के लिए प्रसिद्ध है। कोविड-19 महामारी ने यहाँ के सामाजिक और आर्थिक ढाँचे को भी गहराई से प्रभावित किया। महामारी के दौरान अचानक लॉकडाउन, स्वास्थ्य संकट, और रोजगार के अवसरों में कमी के कारण कई चुनौतियाँ उत्पन्न हुईं। हालाँकि, महामारी के बाद, सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों, और डिजिटल शिक्षा के प्रसार ने लोगों की स्थिति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**संकेत शब्द:** कोविड-19 पूर्व और पश्चात स्थिति , हनुमानगढ़ जिले का सामाजिक-आर्थिक, महामारी का ग्रामीण और शहरी प्रभाव ,• स्वरोजगार और सरकारी • डिजिटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएँ

Copyright to IJARSCT
www.ijarsct.co.in
DOI: 10.48175/568